राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमजन हेतु राजभवन खोलने के निर्देश दिये

-----

13 से 18 अगस्त तक सायंकाल में 5 से 9 बजे के मध्य आमजन राजभवन घूम सकते हैं

-----

15 अगस्त को 6 से 9 बजे के मध्य खुला रहेगा राजभवन

लखनऊः 11 अगस्त, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन के द्वार सभी आमजन के लिये खोलने के निर्देश दिये हैं। 200 वर्षों से अधिक पुरानी राजभवन की ऐतिहासिक, भव्य एवं मनोरम इमारत स्वतंत्रता दिवस पर विद्युत सजावट से अत्यधिक मनोरम दिखती है। दिनांक 13 से 18 अगस्त 2019 तक प्रतिदिन सायंकाल 5 से 9 बजे के मध्य तथा केवल 15 अगस्त को 6 से 9 बजे के मध्य आमजन के लिये राजभवन खुला रहेगा।

आगन्तुक अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर राजभवन के गेट नं. 3 से प्रवेश कर सकेंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (17/10)